# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः–8137/कु0का0/2026 दिनांक 23 फरवरी, 2026

सेवा में,

प्राचार्य/नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल
सूची संलग्न महाविद्यालय।
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः–छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्तिपोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा सत्र 2024–25 में सीटों की सापेक्ष अधिक डाटा अग्रसारित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग–4 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 25/2026/663/26–3–2026–1961934 दिनांक 20 फरवरी, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा (11–12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु समस्त वर्गों के लिए पोर्टल खोले जाने के संबंध में है।

आपको अवगत कराना है कि आपके महाविद्यालय द्वारा सत्र 2024–25 में कुछ पाठ्यक्रम/कोर्स में सीटों की सापेक्ष अधिक डाटा अग्रसारित किया गया है। उक्त कारण से विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्रों की संख्या का डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन किए जाने में तकनीकी समस्या उत्पन्न हो रही है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रकरण के संबंध में स्पष्ट आख्या दिनांक 24 फरवरी, 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में यदि छात्रों की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्रभावित होती है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

संलग्नक– उक्तवत्

डॉ0 राजेश
नोडल अधिकारी,
छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल

भवदीय

कुलसचिव,

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी, आजमगढ़।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़/मऊ।
4. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

| SN | College Name |
|---|---|
| 01 | Maa ashthabhuji mahila mahavidhyalay khorrampur belaun azamgarh |
| 02 | Maa Shringari Smarak Mahila Mahavidyalaya, Bharauli, Azamgarh |
| 03 | Muneswar Devnandan Yadav Mahila Mahavidyalay Akabarpur Bilariyaganj azamgarh |
| 04 | PARWATI MAHILA DEGREE COLLEGE DOHARIGHAT MAU |
| 05 | RAHMANIYA DEGREE COLLEGE ROPANPUR HISAMPUR MAU |
| 06 | RAMBHAJAN DEGREE COLLEGE CHAKHUSAIN THALAIPUR MAU |
| 07 | Shri Sharda Mahavidyalaya, Khorampur, Beloun, Azamgarh |
| 08 | SRI GANDHI P.G. COLLEGE MALTARI Call. |
| 09 | SRI SHARDA MATA PRASAD DEGAREE COLLEGE MAI KHARAGPUR |
| 10 | YOGENDAR MAHAVIDYALY KAMAHRIYA KHARIHANI Call. |

Scanned with OKEN Scanner

संख्या- 25 /2026/668 /26-3-2026-1961934

प्रेषक,

एल0 वेंकटेश्वर लू,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग,
उ0प्र लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 20 फरवरी, 2026

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा (11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु समस्त वर्गों के लिए पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-4321/स0क0/शिक्षा-अ/8/समय-सारिणी/2025-26 दिनांक 17-02-2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत् (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु वंचित समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु पुन: संशोधित समय-सारिणी निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- तत्क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु पूर्व में निर्गत समय-सारिणी के क्रम में निम्नानुसार संशोधित समय-सारिणी निर्गत की जा रही है:-

| क्र0स0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | वर्तमान समयावधि | प्रस्तावित समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लॉक करना<br>सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा संस्था में अध्ययनरत् वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता को डिजीटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करना। अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों, संस्थाओं को ब्लॉक करना। | 04 दिसम्बर, 2025 से 09 दिसम्बर, 2025 तक | 21 फरवरी 2026 से 27 फरवरी, 2026 तक |
| 2 | जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक करना<br>जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा सन्देहास्पद एवं अवशेष शुद्ध डाटा वाले छात्रों के डाटा पर निर्णय करना तथा जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से डाटा लॉक किया जाना। | 16 दिसम्बर, 2025 से 05 जनवरी, 2026 तक | 21 फरवरी, 2026 से 01 मार्च, 2026 तक |
| 3 | मांग सृजन<br>जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से लॉक डाटा के आधार पर एन0आई0सी0 की राज्य इकाई से माँग सृजित कराना। | 08 जनवरी, 2026 तक | 11 मार्च 2026 |
| 4 | धनराशि का अन्तरण<br>जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से लॉक डाटा के आधार पर PFMS प्रणाली के माध्यम से छात्र/छात्राओं के आधार सीडेड/एन0पी0सी0आई0 से मैप्ड बैंक खातों में धनराशि अन्तरित करने की कार्यवाही। | 12 जनवरी, 2026 तक | 16, मार्च 2026 तक |

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त हेतु पूर्व में निर्गत समय-सारिणी के क्रम में उपरोक्त समय-सारिणी का अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुये सुसंगत शासनादेशों/छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्र/छात्राओं को पोर्टल खोलते हुए समयान्तर्गत छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) का भुगतान सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

Digitally signed by
LAKKU VENKATESHWARLU
Date: 20-02-2026
11:46:10

(एल0 वेंकटेश्वर लू)
अपर मुख्य सचिव।

...-1578



Scanned with OKEN Scanner

<u>पृ0सं0 एवं दिनाक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख स्टॉफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण/ वित्त/नियोजन/ मा0शिक्षा/उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
5. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7. निदेशक, पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
10. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव।

Digitally signed by
CHANDRA KUMAR MISHR
Date: 20-02-2026
11:53:07

Scanned with OKEN Scanner